कार्यालय जनपद न्यायाधीश देवरिया।

नीलामी–सूचना

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि संयुक्त निबन्धक (न्यायिक) (बजट) माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–8122/एडमिन (B-II) अनुभाग इलाहाबाद दिनांकितः 29.04.2019 के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश देवरिया के आवास पर खड़ी अम्बेस्डर कार संख्या–यू0पी052डी 3333 के नीलामी दिनांक 31.05.2019 को 1.30 बजे दिन में दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस–कक्षीय भवन के सभागार–कक्ष में सम्पन्न होनी थी परन्तु दिनांक 31.05.2019 को रमजान के अन्तिम शुक्रवार पर स्थानीय अवकाश घोषित होने के फलस्वरूप अग्रेतर उक्त नीलामी दिनांक 07.06.2019 को 1:30 बजे अपरान्ह दीवानी न्यायालय परिसर स्थित दस कक्षीय भवन के सभागार कक्ष में सम्पन्न होगी।

नीलामी में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति द्वारा मु0 5,000/– (पांच हजार रूपये मात्र) जमानत के तौर पर जमा करना होगा। नीलामी की अंतिम बोली का निर्णय माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय देवरिया द्वारा होगा। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) देवरिया द्वारा संदर्भित अम्बेसडर कार का अनुमानित मूल्य 54,500/– रूपये तय किया गया है।

संदर्भित कार के निरीक्षण के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस को पूर्वान्ह 11:00 बजे के पश्चात कार्यालय नजारत जजी देवरिया से सम्पर्क किया जा सकता है।

सर्व सम्बन्धित सूचित हों।

दिनांक/देवरिया
मई 28, 2019

(मनोज कुमार मिश्रा)
सदस्य नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश
कक्ष सं0–7, देवरिया।

(देवेन्द्र सिंह–प्रथम)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश,
कक्ष सं0–1, देवरिया।

प्रतिलिपिः– प्रचार प्रसार हेतु निम्नलिखित सूचना पटट पर लगाया जाये एव सम्बन्धित को सूचनार्थ प्रेषित की जाये।

1. दीवानी न्यायालय देवरिया के सूचना पट्ट हेतु।
2. जिला अधिकारी देवरिया के सूचना पट्ट हेतु।
3. नगरपालिका परिषद देवरिया के सूचना पट्ट हेतु।
4. जिला परिषद देवरिया के सूचना पट्ट हेतु।
5. पड़ोसी जनपद गोरखपुर एवं कुशीनगर के सार्वजनिक स्थलों हेतु।
6. माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाइट हेतु।
7. माननीय जनपद न्यायालय के वेबसाइट हेतु।
8. स्थानीय समाचार–पत्र में प्रकाशनार्थ हेतु।
9. जिला अधिकारी देवरिया के सूचनार्थ हेतु।
10. सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी देवरिया को सूचनार्थ हेतु।
11. डिपो प्रबन्धक उ0प्र0रा0स0प0 निगम, कार्यालय देवरिया हेतु।
12. जिला सूचना अधिकारी देवरिया को निःशुल्क प्रकाशनार्थ हेतु।

(मनोज कुमार मिश्रा)
सदस्य नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश
कक्ष सं0–7, देवरिया।

(देवेन्द्र सिंह–प्रथम)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश,
कक्ष सं0–1, देवरिया।